पाठ - 6

बूँद -बूँद ,दरिया -दरिया

देखो और पता करो

Q1. अपने स्कूल के आस-पास के इलाके को देखो। क्या वहाँ कच्चा मैदान, पक्की सड़कें, नालियाँ, आदि हैं। इलाका किस तरह का है? जैसे-ढलानवाला, पथरीला या किसी और तरह का। तुम्हें क्या लगता है, बारिश का पानी बहकर , कहाँ-कहाँ जाता होगा? जैसे-जमीन में, नालियों में, गड्ढों में आदि।

उत्तर : मेरे स्कूल के आस-पास पक्की सीमेंट से बनी सड़कें हैं। वह इलाका ढलान वाला ही है। बारिश का पानी कुछ ही देर में नालों से बहकर नदियों में चला जाता है।

बून्द बून्द की कीमत

Q1. क्या तुम्हारे यहाँ कभी पानी की किल्लत हुई है? अगर हुई है, तो उसका कारण बताओ।

Answer. हाँ, मेरे यहाँ पानी की किल्लत बहुत बार हुई है। जल विभाग के तकनीकी खराबी के कारण।

Q2. अपनी दादी, नानी या किसी और बड़ी से बातचीत करो कि जब वे तुम्हारी उम्र की थीं, तब-

(क) घर में पानी कहाँ से आता था? क्या तब और अब में कोई बदलाव हुआ है?

(ख) मुसाफिरों के लिए पानी का किस-किस तरह का इंतजाम होता था? जैसे प्याउ, मशक या कुछ और? आजकल सफर में लोग क्या करते हैं?

उत्तर : उस समय पानी नदी, तालाब, कुआँ से आता था। अब पानी जल बोर्ड से आता है। आजकल सफर में लोग बोतल में पानी ले कर चलते हैं।

पता करो

Q1. क्या तुम्हारे घर या स्कूल के आस-पास तालाब, कुआँ या बावडी बनी है? उसे देखने जाओ और पता भी करो।

(i) यह कितना पुराना है? किसने बनवाया होगा?

(ii) इसके आस-पास किस तरह की इमारत बनी है?

(iii) पानी साफ है या नहीं? क्या इसकी सफाई होती है?

(iv) यहाँ से कौन-कौन पानी भरता है?

(v) क्या कभी यहाँ कोई त्योहार मनाया जाता है?

(vi) पानी कहीं सूख तो नहीं गया?

उत्तर :

(i) हाँ, मेरे घर के पास एक बहुत पुराना तालाब है। कुछ लोग कहते है कि यह हजारों साल पुराना है। यह यहाँ के राजा के द्वारा बनवाया गया है।

(ii) इसके आस-पास पुरानी इमारत बनी हुई है।

(iii) पानी साफ नहीं है। इसकी सफाई बहुत दिनों पर होती है।

(iv) यहाँ से कोई पानी नहीं भरता है।

(v) हाँ, यहाँ छठ पर्व मनाया जाता है।

(vi) इसका पानी कभी नहीं सूखता।

चर्चा करो

Q1. चर्चा करो-पुनीता के मोहल्ले में दो पुराने कुँए हैं। उसकी दादी बताती हैं कि लगभग 15-20 साल पहले तक उसमें पानी था। क्या कुँए सूखने की कुछ वजह ये हो सकती हैं?

(i) कई जगह मोटर लगाकर जमीन का पानी निकाला जा रहा है।

(ii) तालाब जिनमें बारिश का पानी इकट्ठा होता था, अब नहीं रहे।

(iii) पेड़ों के आस-पास और पार्क मे भी जमीन को सीमेंट से पक्का कर दिया गया है।

(iv) क्या तुम कोई और वजह भी सुझा सकते हो?

उत्तर : इन सभी के अलावा और भी कई कारण हैं; जैसे—पेड़ों का बहुत ज्यादा कटना, कुँए का सही से देखरेख नहीं करना।

हाल की बात

Q1. आज लोग पानी का इंतजाम किस-किस तरह से करते हैं। चित्र को देखकर चर्चा करो।

उत्तर : आज लोग पानी का इंतजाम निम्न तरीकों से करते हैं।

(क) हैंड पम्प से

(ख) पम्प के द्वारा

(ग) जल-बोर्ड के द्वारा।

Q2. तुम्हारे यहाँ जिस तरह पानी आता है उस पर (✓) निशान लगाओ। अगर किसी अलग तरीके से आता है तो अलग से कॉपी में लिखो?

उत्तर : हमारे घर में पानी चित्र 1 में दिखाए गए साधन द्वारा आता है।

बिल को देखकर बताओ

Q1. यह बिल कौन-से दफ्तर से आता है?

उत्तर : यह बिल दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर से आता है।

Q2. तुम्हारे यहाँ अगर बिल आता है तो कहाँ से आता है?

उत्तर : हाँ, मेरे यहाँ भी यह बिल आता है। यह बिल जल विभाग के दफ्तर से आता है।

Q3. इस बिल में दिल्ली जल बोर्ड के नीचे दिल्ली सरकार क्यों लिखा होता है?

उत्तर : इस बिल में दिल्ली जल बोर्ड के नीचे दिल्ली सरकार इसलिए लिखा होता है क्योंकि दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली सरकार का है।

Q4. बिल किसके नाम से है? कितने महीनों के कितने पैसे देने पड़ रहे हैं?

उत्तर : बिल मो. उमर और मो. शोएब के नाम से हैं। दो महीनों के 350 रु. देने पड़ रहे हैं यानि एक महीने के 175 रु. देने हैं।

Q5. क्या तुम्हारे यहाँ पानी के पैसे चुकाने पड़ते हैं? क्या तुम्हारे यहाँ अलग-अलग इलाकों में पानी का रेट अलग है? बड़ों से पता करो।

उत्तर : हाँ, मेरे यहाँ पानी के पैसे चुकाने पड़ते हैं। अलग-अलग इलाकों में पानी का रेट अलग-अलग है। ग्रामीण इलाके में कम तथा शहरी इलाके में ज्यादा।

Q6. तुमने इस तरह की क्या कोई खबर पढ़ी है? लोगों ने मिल कर पानी की परेशानी को कैसे दूर किया? क्या किसी पुराने तालाब या बावडी को फिर ठीक करके इस्तेमाल किया?

उत्तर : हाँ, मैंने इस तरह की खबर पढ़ी है। महाराष्ट्र के एक गाँव में लोगों ने एक पुराने तालाब को साफ करके उसमें पानी भर कर परेशानी को दूर किया।

हम क्या समझे

Q1. पोस्टर बनाओ-पृथ्वी पर पानी सभी का है, साझा है। कुछ और ऐसे ही नारे सोचो और साथ ही चित्र भी बनाकर अपना एक सुन्दर पोस्टर बनाओ।

उत्तर :

Q2. यह बिल किस तारीख तक का है?

उत्तर : यह बिल 7 जनवरी तक का है।

Q3. इस बिल के लिए कितने पैसे भरने पड़ेंगे?

उत्तर : इस बिल के पचास रु. भरने पड़ेंगे।

Q4. इनके अलावा बिल में और क्या-क्या देख पा रहे हो?

उत्तर : इस बिल में 35 रु. का शुल्क मरम्मत के लिए लगाया गया है।